# सहमति और विधि विधान से शिफ्ट होगी खड़े हनुमान की प्रतिमा

- बजरंग दल ने दिया धरना प्रदर्शन, मार्गों पर चक्काजाम
- कलेक्टर ने निकाला समाधान




**उज्जैन।** कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के आश्वासन पर धरना प्रदर्शन कर रहे बजरंग दल के पदाधिकारी मंदिर के सामने से उठे और कलेक्टर ने कहा कि सहमति से निर्णय लेंगे। खड़े हनुमान मंदिर को हटाया जाना प्रस्तावित है।

यहां चौड़ीकरण होने वाला है। सिंहस्थ 2028 के तहत विकास कार्य उज्जैन में चल रहे हैं। ऐसे में छत्री चौक और सराफा के बीच में प्राचीन खड़े हनुमान का मंदिर है, जो 1000 साल से ज्यादा पुराना है। उसे शिफ्ट करने के पहले ही बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद ने मौके पर नारेबाजी की और सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया।

उज्जैन के चारों मार्गों पर चक्का जाम कर दिया। इस खड़े हनुमान मंदिर को पुरानी पानी की टंकी, जो हटाई गई है, उस जमीन पर शिफ्ट किए जाने की तैयारी चल रही है। सब कुछ ठीक रहा तो मंगलवार तक मंदिर शिफ्ट हो जाएगा।

मौके पर नगर निगम अपर आयुक्त संतोष टैगोर, एसडीएम एलएन गर्ग, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रामेश्वर दास महाराज और टीआई गगन बादल ने मोर्चा संभाला।

कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर के बाहर धरना दिया और भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। करीब पांच छह घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता मंदिर को यथास्थान रखने की मांग पर अड़े रहे। जब तत्काल निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलनकारियों ने उज्जैन आने वाले प्रमुख मार्गों पर चक्का जाम कर दिया। आगर रोड, इंदौर रोड, देवास रोड, उन्हेल रोड, मक्सी रोड और बड़नगर रोड पर यातायात प्रभावित हुआ। देखते ही देखते सड़कों पर वाहनों की कतार लग गई और प्रशासन को मौके पर पहुंचकर आंदोलनकारियों से बातचीत करनी पड़ी।

### कलेक्टर ने जताया सहमति का भरोसा

प्रदर्शन के बीच प्रशासनिक अधिकारियों ने संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा की। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के आशवासन के बाद कि मंदिर को लेकर निर्णय सभी पक्षों की सहमति और चर्चा के बाद लिया जाएगा, प्रदर्शन समाप्त किया गया। इसके बाद चक्का जाम भी हटा लिया गया और यातायात सामान्य हुआ। प्रशासन के अनुसार जिस मार्ग पर खड़ा हनुमान मंदिर स्थित है, उसी मार्ग से धार्मिक आयोजनों और शाही सवारी का आवागमन प्रस्तावित है। मंदिर को हटाकर पुरानी पानी की टंकी वाली जमीन पर स्थापित करने का विकल्प सामने है। प्रशासनिक स्तर पर मंदिर शिफ्टिंग की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही थी, लेकिन विरोध के बाद अब मामले में सहमति बनाने पर जोर दिया जा रहा है। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों का कहना है कि सिंहस्थ के नाम पर शहर में अब तक करीब 40 मंदिरों को हटाया जा चुका है और संगठन ने विकास कार्यों को देखते हुए विरोध नहीं किया। लेकिन खड़े हनुमान मंदिर को लेकर संगठन ने स्पष्ट कर दिया कि मंदिर की प्राचीनता और धार्मिक महत्व को देखते हुए इसे हटाने का विरोध जारी रहेगा।

### हिंदूवादी संगठनों का आक्रोश

सिंहस्थ की तैयारियों के तहत उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण का काम तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में छत्री चौक से सराफा और आगे गोपाल मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग को भी व्यवस्थित और चौड़ा किया जा रहा है। चौड़ीकरण की जद में आने के कारण प्राचीन खड़े हनुमान मंदिर को अन्य स्थान पर स्थापित करने की योजना बनाई गई है। मंदिर शिफ्ट किए जाने की जानकारी सामने आते ही बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और विरोध शुरू कर दिया।

### मंदिर कर्मचारी को चार बदमाशों ने मारे चाकू

उज्जैन। शनिवार रविवार रात महाकाल लोक के पास महाकाल मंदिर सफाईकर्मी पर चार युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। महाकाल लोक सुरक्षाकर्मी मंदिर समिति की एम्बुलेंस से चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। सफाईकर्मी को हाथ पर चाकू के गहरे घाव लगे है। रंजीत हनुमान नागतलाई में रहने वाला उमेश पिता रमेश टटवाल 30 साल महाकाल मंदिर केएसएस कंपनी में सफाईकर्मी है। दिन में वह रिक्शा चलाता है और रात में महाकल लोक सफाई का काम करता है। रात 10 .30 बजे वह जयसिंहपुरा से होता हुआ रिक्शा लेकर धनुष द्वार पहुंचा था, जहां से अंदर महाकाल लोक के लिये जा रहा था, जहां से गोगादेव छड़ी का जुलूस लेकर वाल्मीकि समाज के युवा गुजर रहे थे। बीच रास्ते में युवकों के चलने पर उमेश ने रास्ता देने की बात कहीं तो 4 से 5 युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। उमेश ने कारण पूछताछ तो उसकी रिक्शा पलटा दी और चाकू से हमला कर दिया, हाथ पर चाकू के गहरे घाव लगने पर उमेश लहूलुहान हो गया। खबर मिलते ही महाकाल लोक के सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे। चाकू मारने वाले भाग निकले थे, मंदिर की एम्बुलेंस से घायल सफाईकर्मी को चरक अस्पताल लाया गया। चाकूबाजी की खबर मिलते ही महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल, एसआई चंद्रभानसिंह चौहान, प्रधान आरक्षक मनीष यादव, सुनील पाटीदार अस्पताल पहुंच गये थे। घायल का आपरेशन थियेटर में उपचार चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि घायल के बयान दर्ज कर चाकूबाजी का मामला दर्ज किया जायेगा। हमला करने वाले अज्ञात है, जिनका पता लगाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## एक नजर में




### साइकिल चलाएंगे, पर्यावरण बचाएंगे

**उज्जैन।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रविवार को खेलेगा भारत, जीतेगा भारत थीम पर संडे साइकिल राइड का आयोजन किया गया। सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल, रामकृष्ण मिशन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कोठी पैलेस से केडी पैलेस तक निकाली गई इस यात्रा में बड़ी संख्या में साइकिल चालकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यात्रा सुबह 7 बजे कोठी पैलेस से शुरू हुई। शुभारंभ से पूर्व हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके बाद हरी झंडी दिखाकर यात्रियों को रवाना किया गया। मार्ग भर साइकिल चालकों ने साइकिल चलाएंगे, पर्यावरण बचाएंगे, साइकिल को आदत बनाएं, शर्म नहीं और खेलेगा भारत, जीतेगा भारत का संदेश दिया। कार्यक्रम में रामकृष्ण मिशन के स्वामी कार्तिक अनुभवानन्द, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा तथा सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल के अध्यक्ष उत्कर्ष सिंह सेंगर ने दैनिक जीवन में फिटनेस और साइकिल चलाने के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्था सचिव विवेक मेश्राम, खेल शिक्षक प्रवीण गौतम, रामकृष्ण मिशन के स्वयंसेवक और खेल विभाग के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। केडी पैलेस पहुंचकर यात्रा संपन्न हुई। संचालन जाल सेवा स्कूल के खेल शिक्षक अनिल निकम ने किया और आभार डॉ. उदित्य सिंह सेंगर ने माना।




### एक वर्ष में 700 पार्थिव देह को पहुंचाया मुक्तिधाम

**उज्जैन।** शहर में सर्वधर्म और सर्वसमाज के लिए संचालित नि:शुल्क अंतिम यात्रा सेवा वाल्मीकि रथ मुक्ति वाहन ने अपना एक वर्ष पूरा कर लिया है। स्व. अशोक कुमार झांझोट की स्मृति में शुरू हुई इस सेवा के माध्यम से बीते एक साल में 700 से अधिक पार्थिव देहों को सम्मानपूर्वक मुक्तिधाम पहुंचाया गया है। नानाखेड़ा स्थित प्रकाश एवर फ्रेश से संचालित यह सेवा दुख की घड़ी में जरूरतमंद परिवारों का बड़ा सहारा बनी है। वाहन के संचालन और जरूरतमंदों तक सेवा पहुंचाने की मुख्य जिम्मेदारी ठाकुर अर्जुन सिंह पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। उनके प्रयास से दिन हो या रात, सूचना मिलने पर तत्काल मुक्ति वाहन उपलब्ध कराया जाता है। इस पुनीत कार्य को निरंतर जारी रखने में वाहन मालिक और विशेष आर्थिक सहयोगी राजकुमार झांझोट का महत्वपूर्ण योगदान है। बिना किसी शुल्क और भेदभाव के संचालित यह रथ अंतिम यात्रा के समय परेशान होने वाले परिवारों के लिए उज्जैन की सामाजिक और मानवीय चेतना का प्रतीक बन गया है।

### मेधावी और वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान 17 को

**उज्जैन।** शहर की शैक्षणिक और सामाजिक संस्था जज्बा सोशल फाउंडेशन द्वारा मरहूम हाजी रफीक अहमद सिद्दीकी की स्मृति में वरिष्ठ शिक्षकों एवं मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 17 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्थानीय कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में होगा। संस्था के जमीर उल हक और फरीद कुरैशी ने बताया कि समारोह में अपने शैक्षणिक जीवन में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले वरिष्ठ शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। नईम खान और मंसूर हुसैन के अनुसार, वर्ष 2026 की वार्षिक परीक्षा में 10वीं और 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थी भी इस सम्मान के पात्र होंगे। हाजी इंसाफ कुरैशी और समीर उल हक ने बताया कि पात्र विद्यार्थी अपनी मार्कशीट, आधार कार्ड की फोटोकॉपी, एक फोटो और मोबाइल नंबर 12 सितंबर शनिवार तक अनिवार्य रूप से जमा करा सकते हैं। प्रविष्टियां भागसीपुरा स्थित अल्फाबेट अकादमी या जामा मस्जिद स्थित समीर टेंट सप्लायर्स पर जमा की जा सकती हैं। संस्था सदस्य वसीम अब्बास, भूरु शेख, सलीम देहलवी, फैज जाफरी, सबीउल हसन, डॉ. अनीस शेख, सफदर बेग, अबुल हसन, इमरान खान, हारुन नागौरी, अतहर आलम अंसारी और गुलरेज खान ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### 3 अक्टूबर को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**उज्जैन।** युवा पीढ़ी में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण की भावना जाग्रत करने के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा 3 अक्टूबर को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में एक साथ संपन्न होगी। जिला संयोजक बाबूलाल बड़ोलिया ने बताया कि परीक्षा शनिवार 3 अक्टूबर को 12 से 1 बजे तक विद्यार्थियों की अपनी ही शैक्षणिक संस्थाओं में आयोजित होगी। इसमें कक्षा 5 से 12वीं तक और महाविद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य युवाओं में भारतीय संस्कृति का गौरवबोध, नैतिकता, चरित्र निर्माण, कर्तव्यपरायणता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। परीक्षा के लिए कक्षा 5वीं व 6वीं की पुस्तक का मूल्य 35 रुपए, कक्षा 7वीं से 12वीं तक 40 रुपए और महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 50 रुपए निर्धारित किया गया है। गायत्री परिवार ने सभी शैक्षणिक संस्थाओं, प्राचार्यों, शिक्षकों और पालकों से अधिकाधिक विद्यार्थियों को इस अभियान में शामिल करने का अनुरोध किया है। अधिक जानकारी के लिए 7049781961, 9425917181 और 9425915947 पर संपर्क किया जा सकता है।

# सवारी में चेन मंगलसूत्र चोरी करने वाला बदमाश धराया

- बदमाश की निशानदेही पर चार चेन जब्त
- दो मंगलसूत्र किए बरामद



**उज्जैन। बाबा महाकाल की सवारी में श्रद्धालुओं के गले से चेन और मंगलसूत्र चोरी करने वाला महाराष्ट्र का बदमाश पुलिस की गिरफ्त में आ गया। बदमाश के पास से 55.60 ग्राम वजन की 4 चेन और 2 मंगलसूत्र बरामद किये गये है।**

सवान माह में प्रति सोमवार बाबा महाकाल भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकले रहे है। आस्था की भीड़ में बदमाश भी सक्रिय थे, चौथी सवारी 24 अगस्त को निकाली गई। इस दौरान महाकाल थाना क्षेत्र के सवारी मार्ग पर 9 महिला श्रद्धालुओं के साथ चेन और मंगलसूत्र चोरी होने के मामले सामने आये थे। महाकाल थाना पुलिस ने बदमाशों का पता लगाने के लिये क्राइम टीम के साथ पड़ताल शुरू की थी। कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किया और 4 दिनों की मशक्कत के बाद नृसिंह घाट क्षेत्र से बेग लेकर घूम रहे संदिग्ध को हिरासत में लिया। जो महाराष्ट्र के जामखेर का रहने वाला विशाल पिता राजू गायकवाड़ 24 साल था। उससे सख्ती के साथ पूछताछ शुरू की गई और बेग की तलाशी गई तो उसमें से 4 सोने की चेन और 2 मंगलसूत्र बरामद हो गये। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने सवारी के दौरान महिला श्रद्धालुओं के गले से चोरी की थी। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि सवारी में चेन चोरी करने वाले बदमाश से बरामद 4 चेन और 2 मंगलसूत्र 55.60 ग्राम है जिसकी कीमत 10 लाख से अधिक पाई गई है। आरोपी से सवारी में हुई चोरियों का खुलासा होने पर प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# मोतीबाग कॉलोनी से तीन मकानों में लाखों की चोरी

## पिछले दो-तीन दिनों से उनके मकान सूने थे

**उज्जैन।** इंदौर रोड स्थित मोती बाग कॉलोनी में शनिवार रविवार रात चोरों ने तीन मकान का ताला तोड़कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया सुबह चोरी की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने आसपास लगे कैमरो के फुटेज देखे तो चार बदमाश दिखाई दिए हैं। नानाखेड़ा थाना क्षेत्र की मोती बाग कॉलोनी में रहने वाले तीन परिवार रक्षाबंधन के चलते शहर से बाहर गए हुए हैं। पिछले दो-तीन दिनों से उनके मकान सूने थे। रात में चोरों ने इसी का फायदा उठाया और तीनों मकान के ताले तोड़कर लाखों के आभूषण चोरी कर लिए। आभूषण के साथ चोर भगवान की प्रतिमाएं भी ले गए हैं तीनों मकान में करीब 45 लाख से अधिक की चोरी होना सामने आया है। आसपास के लोगों से मकान के ताले टूटे होने की जानकारी मिलने पर पुलिस मोती बाग कॉलोनी पहुंची और बदमाशों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे गए। इस दौरान बदमाशों की संख्या चार दिखाई दी। जिन्होंने महज 2 घंटे के अंदर तीनों मकान में चोरी को अंजाम दिया और भाग निकले। नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेंद्र यादव के अनुसार फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं परिवार के लौटने पर चोरी का सामान का आकलन किया जाएगा और मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी।

# हार्न बजाने पर दमदमा क्षेत्र में हत्या करने वाले फरार तीन आरोपी पकड़ाए

- दोपहर में पुलिस ने निकाला जुलूस, शनिवार को गिरफ्त में आए थे चार आरोपी



**उज्जैन। दमदमा में गुरुवार-शुक्रवार रात ट्रैक्टर शोरूम संचालक की हत्या करने वाले फरार 3 आरोपियों को रविवार सुबह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिनका दोपहर में घटनास्थल ले जाकर जुलूस निकाला गया। 4 आरोपियों शनिवार को गिरफ्त में आ गए थे जिनका रिमांड लिया गया है।**

ऋषिनगर एक्सटेंशन में रहने वाले ट्रैक्टर शोरूम संचालक यश पिता विजय नारायण मित्तल 27 साल की दमदमा में रात 2 बजे कार का हार्न बजाकर साइड मांगने पर रास्ते में बाइक लेकर खड़े 7-8 युवकों द्वारा चाकू मारकर हत्या कर दी थी। शनिवार को पुलिस ने चार आरोपियों विजयसिंह ठाकुर, करण गाठिया, विशाल ठाकुर और सागर तनोरिया को गिरफ्तार कर लिया था। जिन्हें सोमवार तक रिमांड पर लिया गया है।

पूछताछ के दौरान उनके फरार तीन साथी आयुष शर्मा, आकाश रायकवार और आयुष उर्फ सेंटू को भी गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों का दोपहर में पुलिस ने दमदमा क्षेत्र में ले जाकर जुलूस निकाला इस दौरान उनकी डंडे से जमकर पिटाई भी की गई बदमाश चाकू बाजी नहीं करने की कसम खाते रहे। सोमवार को सभी सातों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा। उनकी निशान देही पर चाकू भी बरामद कर लिए गए हैं।

### अग्रवाल समाज ने किया था थाने का घेराव

ट्रैक्टर शोरूम संचालक की हत्या को लेकर शनिवार को अग्रवाल पंचायत न्यास और समाजजनों ने माधवनगर थाने का घेराव किया, 4 से 5 दर्जन की संख्या में एकत्रित समाजजनों का कहना था कि मामूली बात पर हत्या करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द की जाये और सख्त कार्रवाई की जाये। समाजजनों ने सीएसपी शिंदे को सख्त कार्रवाई के लिये पत्र सौंपा था। बता दें कि इसके पूर्व में भी हत्या हो चुकी है। लेकिन उन पर अब सख्त कार्रवाई नहीं हुई है।

# धन्वंतरि कॉलेज के कर्मचारियों को मिला अटका वेतन

- संघ ने न्यूनतम वेतन, मातृत्व और आकस्मिक अवकाश की भी उठाई मांग

**उज्जैन।** रक्षाबंधन के त्योहार से ठीक पहले धन्वंतरि आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं महाविद्यालय के आउटसोर्स कर्मचारियों को उनके लंबित वेतन का भुगतान हो गया है। समय पर वेतन मिलने से कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। वेतन समस्या के त्वरित निराकरण और कर्मचारियों के हित में कदम उठाने पर मध्य प्रदेश राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ ने प्राचार्य श्री व्यास का सम्मान किया।

संघ के प्रदेश मंत्री और उज्जैन संभाग प्रभारी गुलशन मंसूरी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने प्राचार्य का आभार जताया। गौरतलब है कि संघ ने कुछ दिन पहले ही लंबित वेतन को लेकर ज्ञापन सौंपा था। इस पर तुरंत कार्रवाई होने से कर्मचारियों की बिना वेतन राखी मनाने की चिंता दूर हो गई। सम्मान के अवसर पर डॉ. प्रकाश जोशी, डॉ. आशीष शर्मा, राधामोहन शर्मा और विजय परिहार सहित कई कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान प्राचार्य ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि भविष्य में सभी आउटसोर्स कर्मचारियों को हर महीने की 1 से 10 तारीख के बीच वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। संगठन ने कहा है कि कर्मचारियों को उनके अधिकार दिलाने के लिए प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

### अवकाश के लिए कंपनी को लिखेंगे पत्र

प्रदेश मंत्री मंसूरी ने बताया कि कर्मचारियों के न्यूनतम वेतन और एरियर के संबंध में प्राचार्य से चर्चा की गई है। इसके अलावा महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश और सभी कर्मचारियों को हर महीने एक आकस्मिक अवकाश देने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई है। वर्तमान में छुट्टी लेने पर कर्मचारियों का वेतन काटा जा रहा है। इन सभी मांगों और पात्र सुविधाओं के निराकरण के लिए संबंधित कंपनी से आवश्यक पत्राचार करवाया जाएगा।

### बदमाश ने चुराई थी गैस एजेंसी से जुपिटर

उज्जैन। सुविधा गैस एजेंसी से चोरी हुई जूपिटर गाड़ी का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगालने के बाद नलिया बाखल के बदमाश को गिरफ्तार किया है जिसके पास से चोरी की जुपिटर बरामद की गई है। नलियाबाखल में रहने वाले संतोष प्रजापत 5 दिन पहले दो तालाब क्षेत्र स्थित सुविधा गैस एजेंसी पहुंचे थे। उस दौरान दिनदहाड़े अज्ञात बदमाश ने उनकी जूपिटर चोरी कर ली थी। संतोष प्रजापत ने मामले की शिकायत नीलगंगा थाना पुलिस को दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने थाना टीम को बदमाश का पता लगाने के लिये अलर्ट किया था। शुक्रवार रात आरक्षक लोकेश प्रजापति को मुखबीर से खबर मिली कि चोरी की जूपिटर पर गुड्डू घासलेट घूम रहा है। आरक्षक लोकेश ने प्रधान आरक्षक देवेन्द्रसिंह बुंदेला और आरक्षक देवेन्द्र ओझा के साथ थाना क्षेत्र के सामुदायिक हाटबाजार के पास घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। प्रधान आरक्षक बुंदेला ने बताया कि आरोपी गुड्डू घासलेट उर्फ विनोद पिता बाबूलाल शर्मा नलियाबाखल क्षेत्र का रहने वाला है। वाहन चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ करने पर कोई सुराग नहीं मिलने पर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

**एक नजर** — शाम 4 बजे शुरू होगी, शिप्रा तट रामघाट पर होगा अभिषेक-पूजन

# भादौ में आज भगवान बाबा महाकाल की पांचवीं सवारी, होल्कर के दर्शन होंगे

**उज्जैन।** भादो मास में भगवान महाकाल की सोमवार को पांचवीं सवारी निकलेगी। शाम 4 बजे सवारी मंदिर से शुरू होगी। इसके पूर्व शासकीय पुजारी के द्वारा मंदिर के सभामंडप में भगवान महाकाल का पूजन किया जाएगा। वैसे भादो मास की पहली सवारी होगी। लेकिन श्रावण-भादो मास के क्रम में इसे पांचवीं कहा जाएगा। इसलिए पूरी सवारी में भगवान महाकाल भक्तों को पांच अलग रूपों में दर्शन देंगे।

सवारी में इस बार होल्कर का स्वरूप शामिल होगा। बाकी के चार स्वरूप पूर्व की सवारी के ही रहेंगे। पूजन संपन्न होने के बाद मंदिर के बाहर सशस्त्र जवान महाकाल को सलामी देकर नगर भ्रमण के लिए रवाना करेंगे। भादो की सवारी का रूट श्रावण मास की तरह ही परंपरागत रहेगा। महाकाल मंदिर से सवारी गुदरी, कहारवाड़ी, रामघाट पहुंचेगी जहां बाबा का शिप्रा के जल से अभिषेक किया जाएगा। पूजन बाद सवारी रामानुजकोट, कार्तिक चौक, ढाबा रोड, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा से होकर मंदिर पहुंचकर समाप्त होगी। सवारी में



सबसे आगे तोपची फिर घुड़सवार दल, पुलिस का बैंड, सशस्त्र जवानों की टुकड़ियां, महाकाल मंदिर समिति का बैंड, भजन मंडलियां निकलेगी। बीच में राजाधिराज महाकाल की चांदी की पालकी चलेगी जिसमें प्रथम स्वरूप में श्री चंद्रमौलेश्वर विराजित रहेंगे। इसके पीछे गरुड़ के रथ पर दूसरे स्वरूप में शिव तांडव, तीसरे स्वरूप में नंदी के रथ पर उमा-महेश, चौथे स्वरूप में हाथी पर मन महेश स्वरूप व पांचवें स्वरूप में इस सवारी में रथ पर होल्कर स्वरूप निकलेगा।

### श्री गजानन मंदिर में भागवत कथा की पूर्णाहुति के बाद निकली शोभायात्रा



उज्जैन। भागवत धर्म सेवा न्यास द्वारा संचालित श्री गजानन महाराज मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया। कथा की पूर्णाहुति के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान की आरती और महाप्रसाद वितरण के साथ आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें उज्जैन नगर के मराठी समाज ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और धर्म लाभ कमाया। कथा के दौरान पुणे महाराष्ट्र से पधारे कथा व्यास हरि भक्ति परायण हर्षदबुवा जोगलेकर ने श्रद्धालुओं को भगवान की लीलाओं के प्रसंग सुनाते हुए जीवन में भक्ति का महत्व बताया। इस अवसर पर उज्जैन के वेद मूर्ति संदीप शर्मा ने संस्कृत संहिता का वाचन किया। सात दिवसीय आयोजन के दौरान श्री विष्णु सहस्त्रनाम यज्ञ भी किया गया, जिसे वेद मूर्ति प्रसाद वेरुलकर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष डॉ. मुकुंद गोखले और सचिव हर्षवर्धन गोरे द्वारा दी गई।